an>

Need to provide stoppage of 15707/08 at Mairwa railway station in Siwan Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री ओम प्रकाश यादव (सीवान) : गाड़ी संख्या 15707/08 का ठहराव मेरे संसदीय क्षेत्र सीवान के मैरवा रेलवे स्टेशन पर होना आवश्यक है। इस गाड़ी का ठहराव होने से मैरवा तथा पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश से हज़ारों यात्री जोकि लखनऊ, गोरखपुर, दिल्ली तथा अमृतसर आना-जाना चाहते हैं, उनको फायदा होगा। इस गाड़ी के ठहराव हेतु स्थानीय नागरिकों तथा जनप्रतिनिधियों ने कई बार रेल प्रशासन से मांग की है।

अतः मेरा मा. रेल मंत्री से अनुरोध है कि जनहित में गाड़ी संख्या 15707/08 का ठहराव पूर्वोत्तर रेलवे के मैरवा रेलवे स्टेशन पर किया जाए, जिससे छात्रों, रोगियों, कारोबारियों एवं अन्य सभी वर्गों को लाभ हो सके।